## एक नजर

### किशोरी से छेड़छाड़ विरोध करने पर पीटा

**बीसलपुर।** छेड़छाड़ की शिकायत करने पर आरोपियों ने पीड़िता की घर में घुसकर पिटाई कर दी गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री गांव में ही एक दुकान पर सामान लेने गई थी। वापस आते वक्त गांव के मिंटू, पिंटू, संटू ने रास्ते में रोक छेड़छाड़ की। किसी तरह बेटी घर आई और घटना बताई। जिसके बाद वह आरोपी के घर जाकर शिकायत कर आए। कुछ देर बाद आरोपियों ने शिकायत से गुस्साकर घर में घुसकर मारपीट की। बचाने पहुंचे परिवार वालों को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**बीसलपुर।** दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दियोहना की रहने वाली रेखा देवी शनिवार को पति देशराज के साथ बाइक से निगोही रिश्तेदारी में जा रही थी। शाहजहांपुर रोड पर किसान सहकारी चीनी मिल के पास पहुंचते ही बाइक से गिरकर घायल हो गई। पति उन्हें सीएचसी लेकर आए। प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उन्हें साथ ले गए। उधर, ग्राम नगीपुर अखौला के गुड्डू अपनी बहन हिमांशी के साथ बरेली से लौट रहे थे। भड़रिया मोड पर पहुंचते ही ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में हिमांशी घायल हो गई ।उसे सीएचसी भर्ती कराया गया है।

# गर्म हवाओं का सेहत पर पड़ा असर...चार गुना बढ़ गई ओआरएस और एनर्जी ड्रिंक की खपत

## प्रतिदिन पांच लाख रुपये की हो रही बिक्री, चिकित्सक बोले- तपिश बढ़ने से शरीर में कम हो रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इस बार गर्मी ने कई साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए। सूरज की तपिश ने हाल बेहाल कर दिया है। उल्टी, पेट दर्द और दस्त की समस्या के साथ शरीर में पानी की कमी होने लगी है। इसकी भरपाई के लिए ग्लूकोज और ओआरएस घोल की डिमांड बढ़ गई है। मई माह से बाजार में ग्लूकोज और ओआरएस की मांग अप्रैल महीने के मुकाबले चार गुना तक बढ़ गई है। ऐसे में जहां मेडिकल स्टोरों पर डिमांड अधिक होने पर कंपनियां सप्लाई नहीं दे पा रही। वहीं, कई दुकानदारों के पास तो स्टॉक नहीं बचा है। मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र नाथ मिश्र की मानें तो हर रोज जिले में करीब पांच लाख रुपये का एनर्जी ड्रिंक, ग्लूकोज और ओआरएस दवा की खपत हो रही है।

जिला अस्पताल की ओपीडी की तरह ही निजी अस्पतालों में डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) से लेकर उल्टी, सिरदर्द, तेज बुखार, पेट दर्द, डायरिया की परेशानी लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। जिला की बात करें तो करीब 180 मेडिकल स्टोर संचालित हैं।



एक मेडिकल स्टोर पर दवा और ओआरएस खरीदते लोग। ● अमृत विचार

- मेडिकल पर ओआरएस की बढ़ी डिमांड तो कंपनियां सप्लाई नहीं दे पा रही सप्लाई
- निजी और सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में पहुंच रहे उल्टी दस्त के मरीज

सामान्य दिनों में यहां जो ग्लूकोज की अगर 400 बोतल बिकती थी अब वह एक हजार के पार हो गई है। वहीं एनर्जी ड्रिंक की भी प्रतिदिन 10 से 12 पेट्टी बेच रहे हैं। एक पेटी में 24 बोतले निकलती हैं। जिसकी 500 एमएल की बोतल 57 रुपये का है। तो वहीं 400 एमएल 48 रुपये की रेंज में बिक रहा है। ओआरएस का बड़ा पैकेट 24 रुपये का बिक रहा है। जिस प्रतिदिन एक दुकानदार कम से कम 500 से एक हजार पाउच तक बेच रहा है। पहले यह बिक्री अधिकतम 100 से 200 के बीच रहती थी। मगर इस बार गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए तो इनकी बिक्री भी बढ़ गई है। पूरे जिले में प्रतिदिन करीब पांच लाख रुपये का ग्लूकोज, एनर्जी ड्रिंक और ओआरएस घोल बिक रहा है। शरीर में पानी की कमी होने के कारण लोग इसकी पूर्ति करने के लिए ओआरएस का घोल ले रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज मेडिसन विभाग के सीनियर रेजीडेंट डॉ. रवि राय का कहना है कि गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर आने वाले मरीजों की संख्या में 20 से 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस बार गर्मी भी जल्दी शुरू हो गई है, इस कारण यह वृद्धि दिख रही है। डिहाइड्रेशन की समस्या वाले मरीज इमरजेंसी में भी सामने आए हैं। इनमें ज्यादातर ऐसे मरीज हैं जो दिनभर बाहर धूप में रहकर काम करते हैं और दिन में पैदल चलते हैं। ऐसे लोगों में गर्मी का प्रभाव ज्यादा देखने को मिलता है। इसके लिए ओआरएस का घोल और एनर्जी ड्रिंक फायदेमंद साबित होगा। जो पूरी तरह से फिट रखेगा।

### बीमारियों से बचने के लिए उपाय

- तेज गर्म हवाओं में बाहर जाने से बचें, नंगे सिर व नंगे पैर धूप में न निकलें।
- घर से बाहर निकलें तो ढीले कपड़े पहनें ताकि शरीर को हवा मिलती रहे।
- ज्यादा गहरे रंग के कपड़े न पहनें।
- सूती कपड़े ज्यादा पहने जो पसीने को आसानी से सोख लेते हैं।
- ज्यादा देर तक भूखे रहने से बचें और पेट घर से नहीं निकलें।
- तेज गर्मी से आकर एक दम से फ्रिज आदि का ठंडा पानी न पीएं।

### अपने मन से न लें कोई दवा

गर्मी बढ़ने से सरकारी और निजी अस्पतालों में डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़ने लगे हैं। जिले के अस्पतालों में शुक्रवार को 50 से अधिक मरीज आए, जिन्हें उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत थी। मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के डॉ. मनीष ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े हैं। हर रोज पांच से 10 मरीज आते हैं। उन्हें उल्टी दस्त और पेट दर्द जैसी शिकायत होती हैं। पानी की पर्याप्त मात्रा का इस्तेमाल करने की सलाह देने के साथ ही दवाएं दी जा रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि खुद अपने मन से कोई दवा न लें। अगर, दिक्कत लगती है तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें।

### डिमांड बढ़ी तो स्टॉक मिलना हुआ मुश्किल

इस बार गर्मी से पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आलम यह है कि पिछली बार की तुलना इस बार करीब डेढ़ गुना अधिक गर्मी पड़ रही है। इसलिए लोग डिहाईड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। जिस वजह से डॉक्टर लोगों को एनर्जी ड्रिंक, ओआरएस आदि पीने की सलाह दे रहे हैं। इसलिए लोग मेडिकल स्टोरों पर इनकी उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। स्थिति यह हो गई कि पहले के दिनों में जो लोग दिल खोलकर कोल्ड ड्रिंक पीते थे। वह अब लू और डिहाईड्रेशन से बचने के लिए एनर्जी ड्रिंक का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिस वजह से कंपनियां भी इनकी आपूर्ति नहीं कर पा रही है।

## कोर्ट में चल रहा वाद, फिर भी कर दिया निर्माण

**बीसलपुर, अमृत विचार :** न्यायालय में वाद लंबित होने के बावजूद प्लाट पर निर्माण कराने वाले चार लोगों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली के रहने वाले आकाश कुमार ने बताया कि आठ जून को सुबह 11 बजे दिन वह अपने प्लाट पर गए थे। इसका मुकदमा पीलीभीत न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद भी प्लाट पर रिजवान, आदिल, फुरकान, इरफान चारों लोग निर्माण कार्य करा रहे थे। ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला करके पिटाई कर दी। अन्य ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।













# 2367 वोटों से पिछड़ी भाजपा, सपा की बढ़त नहीं आई काम

**बहेड़ी विधानसभा**

वैभव शुक्ला, पीलीभीत



जितिन प्रसाद।



भगवत सरन



अनीस अहमद खां

- पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में शामिल है बरेली जनपद की बहेड़ी विधानसभा, कई बूथों पर कमल को खिलने से रोकने का काम करती रही साइकिल

**अमृत विचार:** पीलीभीत लोकसभा सीट पर जीत का परचम लहराने वाली भाजपा बहेड़ी सीट पर पिछड़ गई। यहां समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने भाजपा के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद से 2367 वोटों की बढ़त बनाई। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू का प्रदर्शन यहां भी बेहद कमजोर रहा। वह तो दूर-दूर तक टक्कर में ही नहीं रहे। हालांकि यहां से बनाई गई बढ़त सपा के काम नहीं आ सकी।

पीलीभीत लोकसभा सीट में जिले की चार विधानसभा सदर, बरखेड़ा, पूरनपुर, बीसलपुर के अलावा बरेली जनपद की बहेड़ी विधानसभा शामिल हैं। चार विधानसभा सीटों पर कमल सबसे आगे रहा। मगर बहेड़ी में कमल मुरझा गया। भाजपा के लिए माहौल बनाने के लिए कई दिग्गज जुटे रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बहेड़ी में गए थे। बहेड़ी के कुल 403 बूथों पर मतदान हुआ था। यहां भाजपा के जितिन प्रसाद को 108118 मत प्राप्त हुए जबकि सपा के भगवत सरन गंगवार ने 110485 वोट से हासिल किए। इस विधानसभा में भाजपा को हार मिली। हालांकि सपा के लिए यहां से मिली बढ़त कोई काम नहीं आई। उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा छंगा कक्ष संख्या एक बूथ पर भाजपा को महज 24 वोट मिले, जबकि सपा प्रत्याशी ने 343 वोट पाए। प्राथमिक विद्यालय खिजरपुर कक्ष संख्या दो बूथ पर भाजपा 12 , सपा 411 वोट ले गई। प्राथमिक विद्यालय तिगरी कक्ष संख्या एक बूथ पर भाजपा 41, सपा को 713 वोट मिले। कंपोजिट विद्यालय मदनापुर कक्ष संख्या एक में भाजपा 38, सपा 382 वोट पर रही। यहीं के कक्ष संख्या दो बूथ पर भाजपा 15, जबकि सपा को 426 वोट मिले। कंपोजिट विद्यालय जुआ जवाहरपुर कक्ष संख्या एक बूथ पर भाजपा 20 जबकि सपा 691 वोट के साथ बढ़त बना गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय कनमन कक्ष संख्या दो बूथ पर भाजपा को 42 और सपा को 516 वोट मिले। प्राथमिक विद्यालय मंडनपुर जनूबी कक्ष संख्या एक बूथ पर भाजपा 38, सपा 523 वोट मिले। मंडी समिति बहेड़ी कक्ष संख्या एक बूथ पर भाजपा मात्र 06 वोट पा सकी जबकि यहां सपा को 506 वोट मिले।

कंपोजिट विद्यालय कन्या सरोजनी नायडू कक्ष संख्या तीन बूथ पर तो भाजपा को 01 वोट पर ही संतोष करना पड़ा जबकि यहां सपा को 514 वोट मिला। इसी तरह कार्यालय खंड विकास अधिकारी बहेड़ी कक्ष संख्या एक बूथ पर भाजपा को 13, सपा को 755 वोट मिला। एमजीएम इंटर कॉलेज कक्ष संख्या एक में भाजपा को 06, कक्ष संख्या दो में 12, कक्ष संख्या तीन में 06 वोट मिले। यहां तीन बूथों पर सपा क्रमशः 470, 452 और 539 वोट हासिल करने में कामयाब हुई। कक्ष संख्या सात के बूथ पर भी बड़ा अंतर रहा। भाजपा को महज 08 वोट मिले जबकि सपा को 501 वोट मिला। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज रिछा कक्ष संख्या एक पर भाजपा को 85 कक्ष संख्या दो में 18, कक्ष संख्या तीन पर 17, कक्ष संख्या चार में 13, कक्ष संख्या पांच में 19, कक्ष संख्या छह में 35, कक्ष संख्या सात में 17 वोट पा सकी जबकि यहां सपा ने क्रमशः 610, 487, 458, 363, 475, 469 और 520 वोट हासिल किया। राजकीय इंटर कॉलेज रिछा के दो बूथों पर भी भाजपा पिछड़ी। हालांकि कई अन्य बूथों पर साइकिल से आगे निकलकर भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त को कम किया, लेकिन इस विधानसभा में पिछड़ गए।

### 11 बूथों पर नहीं खुला बसपा का खाता

पीलीभीत लोकसभा सीट पर बसपा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए। बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में वह टक्कर से बाहर ही रहे। 11 बूथों पर तो उनका खाता ही नहीं खुला। प्राथमिक विद्यालय देवहरी कक्ष संख्या एक, प्राथमिक विद्यालय जुगरु नागर कक्ष संख्या एक, प्राथमिक विद्यालय हरसू नगला कक्ष संख्या एक, प्राथमिक विद्यालय भौता कक्ष संख्या एक, प्राथमिक विद्यालय मदनापुर कक्ष संख्या तीन, प्राथमिक विद्यालय जाम सावंत जनूबी कक्ष संख्या एक, प्राथमिक विद्यालय नारायननगला कक्ष संख्या एक, कार्यालय अध्यक्ष तहसीलदार रामलीला समिति कक्ष संख्या एक, कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहेड़ी कक्ष संख्या तीन, प्राथमिक विद्यालय घिमरी कक्ष संख्या एक, प्राथमिक विद्यालय मितौपुर कक्ष संख्या एक बूथ पर बसपा को एक भी वोट नहीं मिला।

### पीलीभीत लोकसभा सीट के 10 प्रत्याशियों को मिले वोट

| | |
|---|---|
| जितिन प्रसाद : (भाजपा) : | 108118 |
| भगवत सरन गंगवार (सपा गठबंधन) : | 110485 |
| अनीस अहमद खां (बसपा) : | 18698 |
| राजीव कुमार सक्सेना (भारतीय कृषक दल) : | 700 |
| संजय कुमार भारती (राष्ट्रीय समाज दल ) : | 198 |
| आदर्श पांडेय (निर्दलीय) : | 206 |
| आशीष कुमार (निर्दलीय) : | 206 |
| प्रमोद भाई पटेल उर्फ पीके (निर्दलीय) : | 188 |
| मोहम्मद शाहिद हुसैन (निर्दलीय ) : | 260 |
| सुशील कुमार शुक्ला (निर्दलीय ) : | 395 |
| नोटा : | 1061 |

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को घर से निकाला

**बीसलपुर , अमृत विचार:** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। मोहल्ला पटेल नगर की रहने वाली मिथिलेश ने बताया उसकी शादी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के संजीव गंगवार से नवंबर 2016 में हुई थी। शादी में मायके वालों ने सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया । मगर ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर आए दिन प्रताड़ित कर रहे थे।

13 मई 2020 को उसने एक पुत्र का जन्म हुआ। इसके बाद पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह मायके आकर रहने लगी। जून 2024 को वह भाभी पुष्पा देवी के साथ घर पर थी। आरोप है कि पति संजीव कुमार, सास अनीता देवी, ननद विनीता, सत्य प्रकाश गंगवार, प्रेमलता पत्नी रामपाल और एक अन्य व्यक्ति घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए दोबारा मारपीट की गई। बच्चा छीनने की कोशिश की गई। पति ने गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। कॉलोनी के लोगों के जमा होने पर आरोपी भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# खुले रहेंगे सभी मार्ग, आज से परंपरागत तरीके से होगा शाहजी मियां के उर्स का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शनिवार सुबह दरगाह के सज्जादा नशीन ने की थी प्रेस वार्ता, अफसरों के संज्ञान लेने पर हुआ समाधान

**अमृत विचार:** अल्हाज शाहजी मोहम्मद शेर मियां के उर्स में दुकानों को लेकर चल रहे विवाद का आखिरकार शनिवार को समाधान हो गया। परंपरागत तरीके से उर्स का नौ जून से आयोजन होगा। जिला प्रशासन ने इसको लेकर अनुमति दे दी है। यही नहीं, आयोजन स्थल को जाने वाले मार्गों को पूरी तरह से बंद नहीं किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में एंबुलेंस और दमकल की गाड़ी पहुंचाई जा सके।

शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद स्थित शाहजी मियां की दरगाह पर नौ जून से उर्स का आयोजन होना है। आरोप था कि पुलिस प्रशासन उर्स में लगने वाली दुकानों को लगने नहीं दे रहा है। इसे अतिक्रमण बताकर दुकान नहीं लगने दी जा रही है। शुक्रवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम संजय कुमार सिंह से मुलाकात की थी। जिसके बाद डीएम ने मामले का समाधान कराने के निर्देश दिए थे। मगर दूसरे दिन शनिवार को उस वक्त और खलबली मच गई जब दरगाह के सज्जादा नशीन मुन्ने मियां की ओर से एक प्रेस वार्ता की गई। जिसमें कहा गया कि इस बार कुछ बाधाएं आ रही है। डीएम से आश्वस्त दिखे लेकिन सीओ सिटी की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कहा कि पुलिस दुकानें नहीं लगने दे रही है। कोई दुकान लगा रहा है तो उसे पुलिस ले जाती है। डीएम से मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्णय लेने का आग्रह किया था।

ये भी कहा था कि अगर प्रशासन साथ नहीं देता तो इस वर्ष उर्स का आयोजन नहीं किया जाएगा। जिसके बाद खलबली मच गई थी। बाद में अधिकारियों ने प्रकरण का संज्ञान लिया और बैठक हुई। जिसके बाद निस्तारण हो गया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि उर्स परंपरागत तरीके से आयोजित किया जाएगा। मार्ग को पूरी तरह से बंद नहीं किया जाएगा। आपात स्थिति को में एंबुलेंस, दमकल की गाड़ी आदि के पहुंचने के लिए रास्ता खुला रखा जाएगा।

# करेली माइनर की पटरी पर हो रहा मिट्टी खनन

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर में मिट्टी का खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। अब नहरों की पटरियों से मिट्टी का खनन तेज हो गया है। रात के अंधेरे में नहीं, बल्कि दिन में भी खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉलियां मुख्य मार्गों से गुजर रही हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। जिससे तमाम तरह की चर्चाएं तेज हो गई है।

करेली माइनर की पटरी पर इन दिनों खनन तेजी से किया जा रहा है। मिट्टी का खनन नहर की पटरी से किया जा रहा है। जिम्मेदारों की संलिप्तता होने की भी चर्चाएं खनन में आम रहती हैं। जनवरी माह में उच्चाधिकारियों को जब ट्वीट हुए तो एसडीएम ने छापा मारकर खनन पकड़ा था। इसके बाद बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा भी मिट्टी खनन कर जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ चुके हैं। मगर इसके बाद भी रोक नहीं लग सकी है। इंस्पेक्टर बिलसंडा अजय कुमार का कहना है कि जो लोग मिट्टी का खनन करा रहे हैं, वह नियमानुसार परमीशन लेकर ही करा रहे हैं,बगैर परमीशन के किसी भी दशा में खनन नहीं करने दिया जाएगा।



बिलसंडा की करेली माइनर में खनन से पटरी में हुआ गड्ढा। ● अमृत विचार












# पीटीआर: इस पर्यटन सत्र में हुई 1.12 करोड़ की आय

## सीसीएफ ने दसवें स्थापना दिवस से एक दिन पूर्व प्रेस कांफ्रेंस कर आज होने वाले कार्यक्रम की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


वन एवं वन्यजीव सभागार में प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते सीसीएफ विजय सिंह आदि।

- कहा- पीलीभीत टाइगर रिजर्प देश के सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्वों में शुमार होने की ओर अग्रसर
- दस साल पूरे होने पर आज धूमधाम से मनेगा स्थापना दिवस वन मंत्री समेत अफसर होंगे शामिल

**अमृत विचार:** पीटीआर के कार्यवाहक फील्ड डायरेक्टर एवं सीसीएफ बरेली जोन विजय सिंह ने कहा कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व नौ जून को अपनी स्थापना का एक दशक पूरे करने जा रहा है। टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद जिस तरह से वन एवं वन्यजीव प्रबंधन किया गया, आज उसी का परिणाम है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश के श्रेष्ठ टाइगर रिजर्वों में शुमार होने की ओर अग्रसर है। बाघों की बढ़ती संख्या के साथ यहां देशी-विदेशी पर्यटकों की आमद भी पिछले रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। इस बार पर्यटन सत्र में 1.12 करोड़ की आय हो चुकी है जोकि वर्ष 2020 से छह गुना अधिक है। वह पीटीआर के स्थापना दिवस से एक दिन पूर्व शनिवार को वन एवं वन्यजीव प्रभाग सभागार में हुई प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पीलीभीत के जंगल के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार वर्ष 1871 में बरेली वन प्रभाग बनाया गया। इसके बाद भारतीय अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आरक्षित वन के रूप में अधिसूचित कर दिया गया। बाद में पीलीभीत जिले का गठन होने के बाद प्रभाग का नाम और मुख्यालय पीलीभीत में स्थानांतरित कर दिया गया। वर्ष 1972 में वन्य जीव अधिनियम लागू होने के साथ ही वन्यजीव संरक्षण पर ध्यान देना शुरू किया। नब्बे के दशक में कई बड़े प्रयास शुरू किए गए। नौ जून 2014 को पीलीभीत टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया। मैनेजमेंट एवं क्वालिटी ऑफ फॉरेस्ट्री के लिहाज से देखे तो पीटीआर देश के श्रेष्ठ टाइगर रिजर्वों में शुमार होने की ओर अग्रसर है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से ही बात करें तो पीटीआर बनने के बाद वर्ष 2015 में 17582 पर्यटक पीटीआर में पहुंचे थे, वहीं वर्तमान पर्यटन सत्र में 38300 पर्यटक यहां पहुंच चुके हैं। इसमें 164 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। पर्यटन सत्र के दौरान 1.12 करोड़ की आय हो चुकी है जोकि वर्ष 2020 से छह गुना अधिक है। बताया कि मुस्तफाबाद में बुकिंग सेंटर, चूका बीच में डबल स्टोरी कैंटीन निर्माण के साथ सप्त सरोवर पर नया टूरिज्म स्पॉट विकसित किया गया है।

### 10 साल का इतिहास प्रस्तुत करेगा पीटीआर

रविवार को शहर के एक होटल में आयोजित पीटीआर के दसवां स्थापना दिवस में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण डॉ. अरूण कुमार सक्सेना एवं राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण केपी मलिक के साथ अपर मुख्य सचिव फारेस्ट मनोज कुमार सिंह, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ, पीसीसीएफ हाफ, पीसीसीएफ एडिमिनिस्ट्रेशन, दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा समेत कई बड़े वन अफसरों को आमंत्रित किया गया है। स्थापना दिवस पर पांच शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगें। इसके अलावा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से रेस्क्यू व्हीकल समेत अन्य कर्मियों को किट आदि का वितरण किया जाएगा। साथ ही पीटीआर के 10 साल के इतिहास को एक फिल्म के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान डीएफओ ट्रेनी भरत, उप प्रभागीय वनाधिकारी पीटीआर रमेश चौहान, उप प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्यजीव प्रभाग अंजनी श्रीवास्तव, पीलीभीत रेंज के रेंजर सतेंद्र मोहन श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर शेर सिंह, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रेम प्रसंग में चचेरे देवर संग चली गई दो बच्चों की मां, रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा।** नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली दो बच्चों की मां प्रेम प्रसंग के चलते अपने चचेरे देवर के साथ चली गई। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला का पड़ोस में रहने वाले चचेरे देवर से प्रेम प्रसंग हो गया। वह एक दूसरे से मिलने लगे। प्रेम प्रसंग की चर्चा जब गांव में होने लगी, तो महिला पर घरवालों में बंदिशें लगानी शुरू कर दीं। बंदिशों के चलते दोनों ने घर छोड़ने का फैसला कर लिया। दो दिन पूर्व महिला अपने प्रेमी चचेरे देवर के साथ चली गई। महिला अपने साथ दुधमुंहे बच्चे को तो ले गई, लेकिन पांच वर्षीय बालक को घर पर ही छोड़ गई। घटना का जब पता चला तो घर वालों ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।







# चुनाव बाद पहले समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या रही कम


सुनगढ़ी थाने में सुनवाई करते तहसीलदार रामऋषि रमन व इंस्पेक्टर पवन कुमार।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम-एसपी समेत अन्य अफसरों ने थानों में सुनी फरियाद
- लोकसभा चुनाव को लेकर बंद हुआ था समाधान दिवस

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना होने के बाद आचार संहिता हट चुकी है। आचार संहिता के बाद का पहला थाना समाधान दिवस शनिवार को आयोजित किया गया लेकिन फरियादियों की संख्या काफी कम रही। इधर, जमीन संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को जिलों के समस्त थानों में समाधान दिवस आयोजित किया गया। डीएम संजय कुमार और एसपी अविनाश पांडे ने जहानाबाद और अमरिया थाने में जनसुनवाई की। पहले डीएम-एसपी जहानाबाद थाने पहुंचे, जहां इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला से शिकायतों के बारे जानकारी की। इसके बाद वहां मौजूद फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल 07 शिकायतें आई, जिसमें से तीन का निस्तारण हो सका। शेष जमीन संबधित मामले होने पर जांच टीम गठित कर दी गई। एसपी ने थाने का निरीक्षण भी किया। इसके बाद अधिकारी अमरिया पहुंचे। सीओ सदर प्रतीक दाहिया के साथ जनसुनवाई की, जहां कुल चार शिकायतें आई। जिनमें तीन का निस्तारण हो सका। शहर कोतवाली में इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने जनसुनवाई की। इसमें सिर्फ राजस्व विभाग के लेखपाल और कानूनगो ही मौजूद रहे। पूरे दिन चले समाधान दिवस में एक शिकायत आई। जिसका निस्तारण नहीं हो सका। इसी तरह सुनगढ़ी कोतवाली में भी इंस्पेक्टर पवन कुमार और तहसीलदार रामऋषि रमन ने जनसुनवाई की।

यहां एक ही शिकायत आई, उसका भी निस्तारण कर दिया गया। राजस्व टीम होने के बाद भी राजस्व की शिकायत का निस्तारण शून्य रहा। बीसलपुर में कुल तीन शिकायतों में एक का निस्तारित हुई। जबकि न्यूरिया में कुल चार शिकायतों में एक का निस्तारण हुआ। इसी तरह पूरनपुर में तीन में एक निस्तारित हो सकी। अन्य थानों में भी इक्का दुक्का लोग ही शिकायत लेकर पहुंचे। इसके पीछे समाधान दिवस की जानकारी न होना बताया जा रहा है।

### आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश


**बरखेड़ा।** भाई के साथ आम तोड़ रही आठ साल की बच्ची से गांव के युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की। ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस पिता की तहरीर पर कार्रवाई में जुट गई है। बरखेड़ा क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम चार बजे उसकी आठ साल की बेटी अपने दस साल के भाई के साथ गांव के बाहर आम तोड़ रही थी। इस बीच नशे की हालत में गांव का युवक पहुंचा। उसने दस वर्षीय पुत्र को पानी लेने के लिए भेज दिया। इसके बाद बेटी को पकड़कर नजदीक के खेत में ले गया और अश्लील हरकत की। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटी बच्ची चीखती चिल्लाती गांव की तरफ दौड़ी। तभी काफी ग्रामीण जमा हो गए। परिवार वाले भी पहुंच गए। बच्ची ने पूरी घटना बताई। फिर ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पिता का कहना है कि इस घटना के बाद आरोपी से गांव के अन्य बच्चों को लेकर उनके परिजन भी दहशत में है। मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नशा देकर महिला के जेवरात लूटने वाले उचक्कों पर नहीं लिखी रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचार:** बैंक से लौटते वक्त दो उचक्कों ने महिला को नशा देकर सोने के आभूषण लूट लिए थे। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जबकि दोनों उचक्के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे।

कस्बे से सटी पंकज कॉलोनी की ममता देवी गुरुवार को बैंक ऑफ़ इंडिया में बेटे के खाते में नकदी जमा करने गई थी। बैंक से लौटते समय रास्ते में दो अज्ञात युवक महिला से बात करते समय दोनों ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इससे ममता बेसुध होने लगी। दोनों उचक्कों ने उनकी दो तोला सोने की चैन और चार अंगूठियां लूट ली और फरार हो गए। नशा सूंघने के बाद महिला काफी देर तक बोल नहीं पाई। जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंच गए।

घटना को लेकर खलबली मची रही थी। परिजनों ने इस मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अभी तक इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। महिला के आभूषण लूटने के बाद फरार हुए दोनों उचक्कों की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद मिली थी। उपनिरीक्षक प्रद्युमन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें नहीं है। वह छह जून को लखनऊ गए थे। इसके बारे में पता किया जाएगा।




**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| | |
|---|---|
| 40.8⁰ अधिकतम तापमान | 27.6⁰ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 5.12 | सूर्यास्त 7.08 |

### 12 को बांटी जाएंगी कान की मशीन

**पीलीभीत।** निशक्त जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृत लाल ने बताया कि संस्थान की ओर से लगाया जाने वाला मासिक स्वास्थ्य शिविर 12 जून को पूरनपुर रोड पर अंकुर राइस मिल में सुबह दस बजे से लगेगा। जिसमें रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बरेली के नेत्र एवं दंत रोग विशेषज्ञ टीम के साथ पहुंचेंगे और मरीजों को चेकअप कर निशुल्क दवा दी जाएगी। जिन लोगों ने कान की मशीन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, कान की मशीन दी जाएंगी। मोतियाबिंद के मरीजों को बस से बरेली भेजकर अनुभवी चिकित्सकों से निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। मरीजों के रहने, खाने, दवा, चश्मे की सुविधा भी निशुल्क होगी। संस्थान का दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, छड़ी आदि सहायक उपकरण वितरित करने के लिए मेगा कैंप का आयोजन प्रस्तावित है। जो दिव्यांग उक्त उपकरण प्राप्त करना चाहते हैं वे अपना आधार कार्ड, विकलांग और आय प्रमाण पत्र, फोटो आदि सचिव अनिल कमल के पास या फिर कैंप में जमा करा सकते हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने दोनो पुत्रों दीशांत यादव व अभिषेक यादव के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **मुकेश यादव पुत्र श्री शेर सिंह यादव निवासी बाबा मंगलदास मंदिर 345, सिकलापुर, थाना बारादरी जिला बरेली।**

आवश्यकता है
विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
आई.टी.बी.पी. (बुखारा मोड़) लालफाटक रोड, बरेली
मो. 9695554511, 8107547973, 9760950306
हमारे यहां पर अर्जेंट जॉब खाली हैं!
रिसेप्शनिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, लैब कलैक्शन स्टॉफ, एक्सरे टेक्नीशियन
सैलरी 5000/- से 15000/- तक योग्यतानुसार
अति शीघ्र सम्पर्क करें!!!

सूचना
मैं अपने बड़े पुत्र राकेश एवं पुत्रवधू राजकुमारी पत्नी राकेश को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **ठाकुर दास पुत्र मूल चन्द ग्राम करमपुर थाना व तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

आवश्यकता है
रेस्टोरेन्ट में एक बिलिंग कार्य करने वाले **एकाउन्टेंट** की व एक **तन्दूरी शेफ** की।
(रहने व खाने की सुविधा फ्री)
सम्पर्क करें
श्री कृष्णा रिजॉर्ट
बड़ा बाईपास, लखनऊ-दिल्ली हाइवे, NH-27, बरेली
मो. 6398112074

बिकाऊ है
दुकान 12'x17' मय बेसमेंट जड़ समेत प्राइम लोकेशन नियर प्लाजा होटल चौपुला चौराहा, बरेली।
वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें।
स्वीटी इन्टरप्राइजेज
9897805943, 9557826409

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### बाइक से गिरकर महिला घायल, हालत गंभीर

**बीसलपुर।** पति के साथ रिश्तेदारी में जा रही महिला अचानक चलती बाइक से गिर पड़ी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस पर पति ने घायल पत्नी को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। मामला शनिवार का है। जब दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दियोहना निवासी रेखा अपने पति देश राज के साथ बाइक से दोपहर को निगोही एक रिश्तेदारी में जा रही थी। जैसे ही वह शाहजहांपुर रोड पर स्थित किसान सहकारी चीनी मिल के पास पहुंची। तभी अचानक बाइक से गिरकर पड़ी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### सड़क हादसे में दिव्यांग समेत दो लोग घायल

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव मसीत के रहने वाले वीरपाल पुत्र नन्हेंलाल दिव्यांग है। शुक्रवार शाम को ट्राई साइकिल से कस्बा बरखेड़ा से काम निपटाकर घर जा रहे थे। बरखेड़ा गजरौला मार्ग पर गांव अमखेड़ा में ईंट भट्टे के पास पहुंचे। उधर, गजरौला क्षेत्र के गांव घियुना के रहने वाले संतोष कुमार पुत्र जानकी प्रसाद गांव नवादा महेश से अपनी ससुराल से बाइक से लौट रहे थे। रास्ते में दोनों की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी भर्ती कराया है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, तीन मवेशी झुलसे

**अमरिया।** शार्ट सर्किट होने की वजह से मकान में आग लग गई। आग में तीन मवेशी झुलस गए। जबकि घर में रखा करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची राजस्व टीम ने मौका मुआयना कर पीड़ित से आग की जानकारी जुटाई। तहसील अमरिया क्षेत्र के गांव तिरकुनियां नसीर के रहने वाले छोटे बाबू ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे घर के सभी लोग सो रहे थे। इसी दौरान घर के अंदर बनी छप्परपोश पशु शाला में बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग में पशुशाला में बंधी दो गाय एक बछिया सहित तीन मवेशी झुलस गए। इसके अलावा कपड़े, बिस्तर, चारपाई, कूलर, पंखा, सिलेंडर, बर्तन आदि काफी सामान जल गया। आग की गर्माहट हुई तो परिवार वाले जागे और नजारा देख दंग रह गए। आसपास के लोग भी जमा हो गए। एकजुट होकर आग बुझाई। हादसे में करीब 50 हजार का नुकसान बताया है। राजस्व टीम ने सूचना मिलने पर मौका मुआयना किया।

# पीलीभीत के ऐतिहासिक दरवाजों की काया को मिलेगी संजीवनी


## कोतवाली गेट व बरेली दरवाजा को संरक्षण में लेने को राज्य पुरातत्व विभाग ने जारी की अधिसूचना, 17वीं शताब्दी में हुआ था निर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक विरासतों के सानिध्य में जहां पीलीभीत की संस्कृति फली फूली, मगर वक्त बीतने के साथ ही कभी सभ्यता की पालनहार बनीं यह ऐतिहासिक धरोहरें आज खुद अपनी काया देखकर आंसू बहा रही हैं। इन रोगी हुई कायाओं ने सिस्टम एवं सियासत के अलंबरदारों की ओर भी टकटकी लगाई, मगर मदद न मिलने से इन धरोहरों की काया जर्जर होने के साथ जमींदोज होती चली गई। फिलहाल अब जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों को संजीवनी देने की कवायद शुरू की जा चुकी है। पुरातत्व विभाग ने 17वीं शताब्दी में बने शहर के बरेली एवं कोतवाली दरवाजा को संरक्षण में लेने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर प्रदेश के संस्कृति अनुभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।

जनपद में ब्रिटिश एवं मुगल काल के दौरान कई इमारतों का निर्माण कराया गया था। यह प्राचीन


शहर के जेपी रोड पर बना प्राचीन बरेली दरवाजा।


शहर के कोतवाली रोड पर स्थित प्राचीन कोतवाली दरवाजा।

धरोहरें ही शहर ही एक पहचान भी है, मगर सिस्टम की अनदेखी के चलते अधिकांश प्राचीन धरोहरें धूल धूसरित होती चली गई। कुछ बुद्धिजीवियों ने इन प्राचीन धरोहरों की बिगड़ती जा रही काया को लेकर इनका अस्तित्व बचाने की गुहार भी लगाई, मगर बुद्धिजीवियों की आवाज को शोर समझकर अनसुना कर दिया गया। इनमें शहर स्थित प्राचीन चार दरवाजे भी शामिल हैं। देखरेख के अभाव में दो दरवाजे कुछ साल पहले ही धराशायी हो चुके हैं।

अब मात्र बरेली और कोतवाली दरवाजा ही बचा हैं, मगर इन दोनों प्राचीन दरवाजों की हालत बेहद दयनीय होती जा रही है। प्राचीन धरोहरों को दयनीय हालत देख शहर निवासी युवा अधिवक्ता शिवम कश्यप ने इनके सुधार का बीड़ा उठाया। वर्ष 2018 में उन्होंने पुरातत्व विभाग को पत्र भेजकर इनके संरक्षण की बात कही थी। इसके बाद पुरातत्व विभाग ने अपनी ओर से कार्रवाई शुरू की। जिला प्रशासन से दरवाजों संबंधी अभिलेख मांगे गए। इधर सर्वे आदि को लेकर चली लंबी प्रक्रिया के बाद अब पुरातत्व विभाग ने शहर के बरेली और कोतवाली दरवाजे को संरक्षण में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर प्रदेश के संस्कृति अनुभाग की संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी ने संरक्षित स्मारक घोषित करने को अधिसूचना भी जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में आपत्तियां मांगी गई है। आपत्ति प्रस्तुत करने का समय स्मारक पर चस्पा होने की दिनांक से एक माह के भीतर निर्धारित किया गया है।

### सुरक्षा की दृष्टि से बनवाए गए थे चार दरवाजे

मुगलकाल फिर उसके ब्रिटिश काल के दौरान जनपद में तमाम इमारतों का निर्माण कराया गया, जो पीलीभीत की शान के रूप में जानी जाने लगी। 17वीं शताब्दी के दौरान शहर में रोहेला सरदार हाफिज रहमत खां द्वारा शहर में दिल्ली की जामा मस्जिद की तर्ज पर जामा मस्जिद, गौरी शंकर मंदिर द्वार का निर्माण कराया था। प्राचीन इमारतों में शहर के चार दरवाजे भी शामिल हैं। गजेटियर के अनुसार इन चार दरवाजों का निर्माण 1734 ईसवी में अली मोहम्मद खान ने सुरक्षा के लिहाज से कराया था। अली मोहम्मद खान हाफिज रहमत खां के सूबेदार हुआ करते थे। इसमें दो प्राचीन दरवाजे देखरेख के अभाव में पहले भी धराशायी हो चुके हैं। आजादी के बाद इन दरवाजों में सरकारी कार्यालयों के अलावा पुलिस चौकी भी संचालित की जाती थी। इधर अब बरेली और कोतवाली दरवाजा की शेष बचे हैं। इन दोनों दरवाजों की हालत भी बेहद जर्जर हो चुकी है।

### कुछ यूं चली संरक्षण की कवायद

प्राचीन दरवाजों के संरक्षण को लेकर शहर के युवा अधिवक्ता शिवम कश्यप ने छह साल पहले मुहिम शुरू की थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में उन्होंने दरवाजों के संरक्षण को लेकर पुरातत्व विभाग से पत्राचार किया था। राज्य पुरातत्व विभाग ने दोनों दरवाजों का निरीक्षण करने के बाद 26 अक्टूबर 2018 को तत्कालीन डीएम को पत्र भेजकर दोनों दरवाजों के जीर्णोद्धार को आवश्यक बताते हुए जिला योजना के माध्यम से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। 20 जून 2023 को राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा पत्र भेजकर दोनों दरवाजों को राज्य पुरातत्व विभाग परामर्शदात्री समिति की बैठक में राजकीय संरक्षण में लिए जाने के प्रस्ताव की जानकारी दी गई। दिसंबर 2023 में राज्य पुरातत्व विभाग परामर्शदात्री समिति की बैठक में दोनों दरवाजों को संरक्षण में लेने की संस्तुति की गई थी। सारी कार्रवाई पूरी होने के बाद अब पुरातत्व विभाग ने ऐतिहासिक बरेली और कोतवाली दरवाजे को संरक्षण में लेने की कवायद शुरू कर दी है। उम्मीद है कि अब दोनों प्राचीन धरोहरें एक बार फिर अपने पुराने अस्तित्व में लौट सकेंगी।

## डीजे पर डांस करते तमंचे से फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** ग्राम सिमरिया में तीन जून को एक ग्रामीण के घर मांगलिक कार्यक्रम की दावत थी। घर के बाहर डीजे पर परिवार के लोग डांस कर रहे थे। नशे की हालत में तीन युवकों ने हंगामा किया। मनचाहा गाना लगाने को लेकर डीजे संचालक से भिड़े। एक युवक ने तमंचा निकालकर फायरिंग कर दी, जिससे अफरा तफरी मच गई थी। जेब से कारतूस निकाल कर भी दिखाए थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और छानबीन में जुट गई थी।

इधर, चार जून से एक आरोपी को हिरासत में लेने की चर्चाएं तेज हो गई थी। एक ग्रामीण ने भी यूपी 112 पर कॉल कर आरोप लगाया था कि हिरासत में लिए गए युवक के साथी उन पर छुड़ाने का दबाव बना रहे हैं। फिलहाल पुलिस किसी को हिरासत में न लेने की बात कह रही थी। अब पुलिस ने सात जून को आरोपी ग्राम सिमरिया निवासी कमलेश पुत्र रामऔतार को गिरफ्तार करने व तमंचा बरामद होने का दावा किया।

## सीवर लाइन को खोदे गड्ढे में गिरा साइकिल सवार, हड्डी टूटी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में बिछाई जा रही सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे आफत बने हुए हैं। शनिवार सुबह साइकिल से अखबार वितरित करने निकले युवक की गड्ढे में गिरने से रीढ़ की हड्डी टूट गई।

शहर के मोहल्ला लोधीपुर के दिनेश श्रीवास्तव शनिवार सुबह साइकिल से अखबार बांटने निकले थे। सुबह करीब सात बजे कुम्हारों वाली गली में मोहल्ला मोहम्मदजई पहुंचे, वहां सीवर लाइन बिछाए जाने के लिए खोदी गई सड़क पर मिट्टी डालकर पाटा गया था। दिनेश उस पर से गुजरे तभी मिट्टी धंस गई और वह गड्ढे में गिर गए जिससेगंभीर रूप से चोटिल हो गए। परिवार वाले दिनेश को अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने एक्सरे कराया तो उसमें रीढ़ की गुरिया टूटी निकली, वहीं शरीर के अन्य हिस्सों पैरों आदि में भी गंभीर चोट आई है।

## गंगा दशहरा और ईद को लेकर कर लें पुख्ता इंतजाम: एडीजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिले के पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जनपद के पुलिस अधिकारियों संग संवाद किया। जिसमें आगामी गंगा दशहरा, ईद पर्व को सकुशल संपन्न कराने को शांति समिति की बैठक जनपद/सर्किल और थाना स्तर करने के निर्देश दिए।

थानों के त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर तैयारियों करने को जल्द अंतिम रूप देने के लिए कहा गया। कहा कि आगामी प्रतिबन्धित स्थानों पर कुर्बानी न होने दी जाए। कहीं सड़क पर नमाज न पढ़ी जाए। प्रतिबन्धित जानवरों की कुर्बानी न हो। गंगा दशहरा पर्व को लेकर निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर व्यापक इंतजाम किए जाएं। गोताखोरों के साथ लगातार गंगा स्नान स्थल पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें। स्नान घाट पर वॉच टावर का निर्माण व क्विक रिस्पांस टीम का गठन हो। रेस्क्यू ऑपरेशन में काम आने वाले उपकरणों जैसे लाइफ जैकेट, रस्सी, रेस्क्यू थ्रो बैग आदि को स्नान घाट के निकट रखा जाए। गैर जमानती वारंट का अभियान चलाकर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाए। महिलाओं के साथ घटित घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए राजपत्रित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और गुण-दोष के आधार पर घटना का शीघ्र अनावरण किया जाए। चोरी, गोकशी आदि घटनाओं पर अंकुश लगे और गश्त को बढ़ाएं। माफियाओं को चिन्हित व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के गैंग का पंजीकरण कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## मकान मरम्मत को रखे 70 हजार रुपये ले गया भतीजा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** चाचा के घर से भतीजा 70 हजार रुपये लेकर दोस्त के साथ चला गया। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे हैं। जबकि चर्चा है युवक अपने पिता के पास नोएडा चला गया है।

कस्बे के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया वह कुछ वर्षों से परिवार समेत नोएडा रहकर एक कंपनी में कार्यरत हैं। कुछ दिन पहले वह अपने पुश्तैनी मकान घुंघचिहाई में आकर रहने लगे। इस दौरान उनका 17 वर्षीय भतीजा भी उनके साथ आया था। मकान की हालत काफी जर्जर हो गई थी तो उसकी मरम्मत के लिए उन्होंने बैंक से 70 हजार रुपये निकाले, जिन्हें अलमारी में रख दिया था। बीते दिनों भतीजा रुपये लेकर चला गया। काफी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। उधर, गांव में चर्चा है कि किशोर अपने एक साथी के साथ वापस नोएडा चला गया है।

# शहजिल के खिलाफ नए सिरे से जांच करने को गाजियाबाद से पहुंची टीम

बरेली कार्यालय

- विधायक के ड्राइवर ने लगाए थे मारपीट-गालीगलौज के आरोप
- सीओ जीआरपी मुरादाबाद पर अविश्वास जताने पर सौंपी जांच

**अमृत विचार:** भोजीपुरा के सपा विधायक शहजिल इस्लाम के खिलाफ अपने ड्राइवर से मारपीट के आरोप की जांच जीआरपी मुरादाबाद के सीओ से हटाकर सीओ गाजियाबाद सुदेश गुप्ता को दे दी गई है। इसके बाद नए सिरे से जांच शुरू हो गई है। शनिवार को गाजियाबाद से आई टीम ने ड्राइवर का बयान भी दर्ज किया।

शहजिल इस्लाम के खिलाफ उनके ड्राइवर रहे धर्मेंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। धर्मेंद्र का आरोप था कि 27 अक्टूबर 2023 को वह लखनऊ से आ रहे शहजिल इस्लाम को लेने बरेली जंक्शन गए थे। ट्रेन लेट होने के कारण पूरी रात कार में बैठे रहे। सुबह ट्रेन से आए शहजिल ने गाड़ी साफ न होने की बात कहकर उनसे गालीगलौज की। इसके बाद गाड़ी

> पीड़ित ड्राइवर की मांग पर जांच अधिकारी को बदला गया है। अब सीओ जीआरपी गाजियाबाद मामले की जांच कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। – **आशुतोष शुक्ला,** एसपी जीआरपी मुरादाबाद

के अंदर बैठकर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उनके साथ मारपीट भी की। इसके बाद उनसे चाबी छीनकर खुद गाड़ी लेकर स्टेशन से निकल गए।

बरेली जंक्शन के थाना जीआरपी में 29 अक्टूबर 2023 को एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज होने के बाद जीआरपी मुरादाबाद के सीओ देवीदयाल ने जांच शुरू की लेकिन सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए जांच रिपोर्ट में मारपीट की घटना होने से इन्कार कर दिया। इस पर ड्राइवर धर्मेंद्र ने लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से किसी और अधिकारी से जांच कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसपी जीआरपी ने सीओ गाजियाबाद को जांच सौंपी थी।

### खुद नहीं पहुंचे शहजिल, गनर भेजा

गाजियाबाद से आई टीम ने शनिवार को बयान दर्ज कराने के लिए दोनों पक्षों को बुलाया था। पीड़ित ड्राइवर धर्मेंद्र ने बताया कि उन्होंने घटना के संबंध में बयान दर्ज कराए हैं लेकिन शहजिल इस्लाम ने खुद आने के बजाय अपने गनर को थाने भेज दिया। जांच टीम की ओर से शहजिल इस्लाम को फोन भी किया गया लेकिन उन्होंने फोन भी नहीं उठाया।

# उचक्कों ने सराफ को लगाया चूना

संवाददाता, कलान/शाहजहांपुर

- दिनदहाड़े हुई घटना से दहशत में व्यापारी, पुलिस तलाश में जुटी
- कलान में दिनदहाड़े बाइक से आए उचक्कों ने दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार:** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे किनारे कलान के मोहल्ला बालाजी में सर्राफा की दुकान पर ग्राहक बनकर आया उचक्का चार लाख रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गया। बीच बाजार दिन दहाड़े घटी इस घटना से हड़कंप मच गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सीओ अजय राय ने मौके पर पहुंचकर व्यापारी से घटना की जानकारी ली और लुटेरों का पता लगाने के निर्देश दिए।

बदायूं के जमालपुर बक्सेना के विवेक गुप्ता ने बताया कि मोहल्ला बालाजी नगर में उनकी सर्राफा की दुकान है। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर दो बजे बाइक से दो युवक ग्राहक बनकर आए उनमें एक बाइक लेकर दूर खड़ा रहा, जबकि दूसरा बाइक पर पीछे बैठा था, वह दुकान पर पहुंचा और उनसे कहा कि उसे सोने की चेन और अंगूठी खरीदनी है। इस पर उन्होंने अंगूठी और सोने की चेन दिखाई। इसके बाद मोलभाव शुरू कर दिया।

कई डिजाइन की चेन और अंगूठी दिखाने के बाद आरोपी ने कहा कि अभी यह सामान रख लो, बैंक से रुपये निकालकर वापस आता हूं। इस पर विवेक ने पन्नी में तीन सोने की चेन और चार अंगूठी रख ली और जैसे ही लॉकर में सामान रखने के लिए दुकान की तरफ मुड़े तभी खरीदार बनकर दुकान में आए उचक्के ने झपट्टा मारकर चेन और अंगूठी से भरी पन्नी छीन ली और दूर बाइक लिए खड़े युवक के साथ बाइक से फरार हो गया। व्यापारी के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए तब तक लुटेरे फरार हो चुके थे।

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और व्यापारी से घटना के बारे में जानकारी की। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे को खंगालने के साथ ही लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। वहीं दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोगों में भय व्याप्त हो गया। व्यापारी ने बताया कि उचक्के करीब चार लाख रुपये का सामान लूट ले गए है। लुटेरों की उम्र 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है।

सीओ अजय राय ने बताया पीड़ित व्यापारी से घटना के संबंध में पूछा। इसके बाद कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं और थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि उचक्कों को गिरफ्तार कर जल्द से जल्द घटना का पर्दाफाश किया जाए।

## प्रेमी की धमकी से आहत किशोरी ने खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शिकायत करने पर आरोपी ने परिवार वालों को पीटा, चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव में एक किशोरी ने युवक की धमकी से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां इलाज के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि सुबह वह आरोपी के घर शिकायत करने गए तो उसके परिवार वाले झगड़ा करने पर उतारू हो गए। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कांट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री का सप्त्यारा गांव के मुनीश प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार शाम मुनीश ने किसी बात को लेकर बेटी से गाली गलौज करते हुए धमकी दी, जिससे आहत होकर उसने शनिवार सुबह करीब पांच बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर वह बेटी को जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान करीब एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। महिला के मुताबिक घटना के बाद आरोपी मुनीश के घर शिकायत करने के दौरान आरोपी ने अपने दो भाइ अवधेश, दिनेश व देवराज के साथ मिलकर उनको पीटा और पुलिस से शिकायत करने पर धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर

**निगोही, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव परसोना खलीलपुर निवासी रामपाल पत्नी जयदेवी(60) को लेकर शुक्रवार को रिश्तेदारी में निगोही थाना क्षेत्र के गांव पुरवा गए थे। दोनों लोग शाम साढ़े पांच बजे पैदल पुरवा गांव से अपने गांव वापस आ रहे थे। निगोही-तिलहर मार्ग पर विरासिन गांव के सामने बाइक ने सड़क पार करते समय जयदेवी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। युवक बाइक लेकर भाग गया। परिवार वाले घायल महिला को लेकर सीएचसी पर आए। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। महिला की इलाज के दौरान शुक्रवार की रात दस बजे मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका के दो बेटी तथा एक बेटा है। तीनों बच्चों की शादी हो गयी।

## छेड़छाड़ की शिकायत करने पर युवकों ने घर में घुसकर पीटा

संवाददाता, बीसलपुर

- कोतवाली क्षेत्र का मामला, पीड़िता के तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** किशोरी से छेड़छाड़ का विरोध करने पहुंचे एक युवक को तीन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें वह मामूली रूप से चोटिल हो गया। पीड़ित ने इस मामले में मारपीट और छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री गांव में स्थित दुकान से घरेलू सामान खरीदने गई थी। वहां से लौटते वक्त गांव के ही रहने वाले मिंटू, पिंटू और संटू ने उसे रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ कर दी। किसी तरह किशोरी ने घर पहुंचने के बाद अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। इस पर पीड़िता का पिता छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों के घर पर शिकायत करने के लिए पहुंच गए। इस पर गुस्साए युवकों ने देर शाम उसके घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए पूरे परिवार के साथ मारपीट की। शोर शराबा मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# अमरोहा में भी प्रतिष्ठा बचाने में कामयाब हुए राज्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- लोकसभा चुनाव में पीलीभीत के साथ ही प्रभार वाले जनपद अमरोहा में खिला कमल

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन समाप्त होने के बाद अब चुनावी समीक्षाओं और जीत हार की जिम्मेदारी तय करने का दौर शुरू हो चुका है। जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार नेताओं की भूमिका पर संगठन स्तर से मंथन होने लगा है। खासकर यूपी की तमाम सीटों पर हुए उलटफेर के बाद से भाजपा में खलबली मची हुई है। चर्चाएं तेज हो रही हैं कि निर्वाचन में जीत हासिल करने वाले नेताओं का कद बढ़ेगा और पिछड़ने वालों पर संगठन स्तर से गाज गिराई जा सकती है।

पीलीभीत की चार विधानसभा पर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायतों, ब्लॉक प्रमुख आदि में भाजपा का वर्चस्व है। सदर विधायक संजय सिंह गंगवार यूपी सरकार में राज्यमंत्री हैं। वह अमरोहा जनपद के प्रभारी मंत्री भी हैं। ऐसे में पीलीभीत के साथ ही अमरोहा लोकसभा सीट को लेकर भी उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई थी। इन दोनों सीटों पर भाजपा की जीत को उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा था। चुनावी नतीजे सामने आए और दोनों जगह कमल खिला। एक तरफ पीलीभीत सीट पर जितिन प्रसाद 164935 मतों से विजयी हुए। इस सीट पर सपा ने कुर्मी प्रत्याशी उतारा था। जिसके चलते कुर्मी मतदाताओं को साधने की चुनौती भी राज्यमंत्री के सामने थी। इसी तरह से प्रभार वाले जनपद अमरोहा में भी भाजपा के कंवर सिंह तंवर ने जीत दर्ज की। जिससे राज्यमंत्री राजनीतिक प्रतिष्ठा और चुनाव के दौरान आई चुनौतियों के बीच राजनीतिक प्रतिष्ठा बचाने में कामयाब हुए।

## बाइक लूटकर ले जाते...बेटे को गोली क्यों मार दी

**मदनापुर, अमृत विचार:** मदनापुर से बाइक से लौट रहे गोविंद की मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल है। पिता विश्राम ने बताया कि गोविंद उनका इकलौता बेटा था। उसकी सात बहनें है। चार बहनों की शादी हो गई है। वह उनके साथ खेती में हाथ बंटाता था। उसकी किसी की गांव में रंजिश नहीं थी। इकलौते बेटे की मौत से उसकी मां तथा बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उसकी मां रो-रोकर कह रही थी कि बाइक लूटकर ले जाते लेकिन बेटे को गोली क्यों मार दी, उसने उन लोगों का क्या बिगाड़ा था। पिता ने कहा कि गोली कहीं और मारी गई है और लाकर मंदिर के पास डाल दिया। मंदिर के पास बैठे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोविंद की बाइक पर दो युवकों को बैठे थे। बाइक रुकी तो दोनों युवक उतरे और दो गोली मार दी और बाइक लेकर भाग गए। कहा ऐसा लग रहा था कि अज्ञात युवकों ने बाइक लूटने के इरादे से ही गोली मारी थी।

**खेलकूद** | अभाविप की ओर से कराया गया गर्ल्स हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन, सात जनपदों की टीम कर रही प्रतिभाग, आज होगा समापन

# पेनाल्टी शूटआउट में 2–0 से कानपुर ने बदायूं को हराया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से शनिवार को खेलो भारत आयाम के तहत गांधी स्टेडियम में दो दिवसीय राज्य स्तरीय गर्ल्स हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें खिलाड़ियों ने दमखम के साथ मैदान पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

भाजपा के बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिला महामंत्री लेखराज भारती, अभाविप के जिला प्रमुख डॉ. गौरव वर्मा, नगर अध्यक्ष अरविंद वर्मा, विभाग संयोजक जतिन भारती, जिला सह संयोजक आयुष मिश्रा, नगर मंत्री अरुण सूर्यवंशी, वरुण डिफेंस अकादमी पीलीभीत के कोच सतीश शर्मा, हॉकी कोच जय प्रकाश ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पार्पण



खिलाड़ियों के साथ आयोजक और अतिथिगण।


● अमृत विचार
खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद व अन्य।

करते हुए शुरुआत कराई। सात जनपदों प्रयागराज, हरदोई, कानपुर, बुलंदशहर, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत की टीम ने प्रतिभाग किया।

खिलाड़ियों का परिचय लेने के बाद हॉकी मैच शुरू किए गए। पहला मैच कानपुर और बदायूं के बीच खेला गया। जिसमे फुल टाइम में 0-0 गोल रहा। पेनाल्टी शूटआउट 2-0 से कानपुर की टीम विजेता रही। विशिष्ट अतिथियों में यू पी बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के मैनेजर अनूप गोयल, दिलीप सरकार व प्रदीप रहे। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए बरखेड़ा विधायक ने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल रहा। इसे हर जनपद में प्रमुख खेल बनाना होगा। अब समय आ गया है कि टीवी और मोबाइल छोड़ हॉकी जैसे खेल को बढ़ावा दें। कहा कि आवश्यकता अनुसार अपना एक खेल चुनिए और उसका अपना स्टेटस सिंबल बनाएं। जोकि समाज मे ये मेसेज देगा कि भारत अब बदलने लगा है।

ओलंपिक और अन्य कोई अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भारत का वर्चस्व बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है। जिला महामंत्री लेखराज भारती ने कहा कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का विकास होता है। हॉकी अपना राष्ट्रीय खेल है इसे छात्राओं के बीच बढ़ावा देने की जरूरत है। पढ़ाई की क्षमता बढ़ानी है और खेल को जीवन की आवश्यकता बनाना होगा। कार्यक्रम का संचालन अभाविप कार्यकर्ता आलोक सक्सेना ने किया। जतिन भारती ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर प्रिया शर्मा, कोमल, प्रभात, अर्पित मौर्य, हर्ष सक्सेना, प्रमोद राजपूत, कपिल आदि मौजूद रहे।

